तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 3 अप्रैल 2025

13 हर घर में हो भगवान श्रीराम की कृपाः विधायक रोहित साहू



14 चना बीज का वितरण ही नहीं किया, एनएफएसएम योजना घपला उजागर





मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर
एल ई डी टी.वी. | फ्रिज | वाशिंग मशीन | कूलर | पंखा | दीवान (पलंग) | अलमारी | ड्रेसिंग | डायनिंग टेबल | सोफा सेट
हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
T&C*

## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में मर्हिष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

हमला : साथी महिलाओं के शोर से जंगल की ओर भाग निकला

# महुआ बीनने गई महिला की सुअर ने ली जान
# ग्रामीण पर हमला करके एक घर में घुसा तेंदुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के वन परिक्षेत्र नवागढ़ में जंगल में महुआ बीनने गई महिला पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। साथी महिलाओं ने हल्ला मचाया तो सुअर भाग लिया। महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। एक अन्य मामले में रसेला क्षेत्र में ग्रामीण पर तेंदुआ ने हमला कर दिया। उसके बाद नजदीक के एक घर में घुस गया, जिससे इलाके में दहशत है।



गरियाबंद जिले क तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 25 किमी दूर ग्राम कारीडोंगरी जंगल में आज ग्रामीण महिला श्रीमती हुमाबाई नेताम 50 वर्षीय अपने और साथियों के साथ गांव के नजदीक जंगल में महुआ संग्रहण कर रही थी। तभी जंगली सुअर ने महिला पर हमला कर दिया जंगली सुअर ने महिला को बुरी तरह से घायल कर दिया। साथ में अन्य महिलाएं जो महुआ संग्रहण कर रही थी सभी के द्वारा जोर –जोर से चिल्लाने पर जंगली सुअर जंगल की तरफ भाग गया। गंभीर रूप से घायल महिला को ईलाज के लिए जिला अस्पताल गरियाबंद ले जाया गया, जहां ईलाज के दौरान मौत हो गई। तेजी से जंगल क्षेत्र सिमटते जा रहे हैं लगातार अवैध कटाई, अवैध अतिक्रमण के चलते पेड़ पौधे नष्ट होते जा रहे हैं। साथ ही जंगल में आगजनी और पानी की कमी के चलते वन्यप्राणी गांव के नजदीक पहुंच रहे है। इन दिनों लगातार गांव के नजदीक वन्यप्राणियों के पहुंचने की खबर आ रही है ऐसे में ग्रामीणों को काफी सतर्क रहने की जरूरत है साथ ही गांव के आसपास भालू, तेंदुआ, सियार, जंगली ⏭ शेष पेज 12 पर

### गांव में दहशत

रसेला । ग्राम पंडरीपानी में बुधवार को सुबह तेंदुआ ने ग्रामीण पर हमला कर दिया, उसके बाद नजदीक के घर में घुस गया है। घटना से ग्राम में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के द्वारा इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई है। वन व पुलिस अमला भी अपने दलबल के साथ गांव पंडरीपानी पहुंचा है। जानकारी के अनुसार पंडरीपानी में तेंदुआ ने थानसिंग भुंजिया के ऊपर हमला करते हुए गांव के ही हेमनारायण भुंजिया के घर मे घुस गया है। घर वाले बाहर निकल कर दूसरे के घर मे शरण लिये हुए है । क्षेत्र मे एक बार फिर से तेंदुआ का आतंक फ़ैल गया ⏭ शेष पेज 12 पर







# शादी का झांसा देकर नाबालिग से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**मैनपुर/ गरियाबंद।** प्रेम–प्रसंग के नाम पर नाबालिग लड़की के साथ घिनौना खेल खेलने वाले एक युवक को मैनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। आरोपी ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर न सिर्फ उसका शारीरिक शोषण किया, बल्कि उसे गर्भवती कर दिया। पीड़िता ने फरवरी 2025 में एक बच्ची को जन्म दिया।

- आरोपी ने किया पीड़िता और बच्ची को अपनाने से इनकार, तो पीड़िता ने खटखटाया कानून का दरवाजा

पूरा मामला कुछ यूं है कि 1 अप्रैल 2025 को मैनपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने थाने में लिखित शिकायत दी कि उसकी नाबालिग बेटी को गणेश सोरी, निवासी मैनपुर क्षेत्र ने अगस्त 2024 से प्रेमजाल में फंसा लिया था। जनवरी 2024 में आरोपी लड़की को उसके दादा–दादी के घर से बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया और शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब पीड़िता गर्भवती हुई और फरवरी 2025 में जिला अस्पताल गरियाबंद में उसने एक बच्ची को जन्म दिया, तब पीड़िता परिजनों को पूरा मामला पता चला। लड़की को घर लाया गया और आरोपी से शादी व बच्ची को अपनाने की बात की गई, लेकिन तब आरोपी गणेश सोरी ने साफ इनकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर मैनपुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए धारा 363, 366, 376(2)(ढ़) भादवि व पॉक्सो एक्ट की धाराएं 4 व 6 के तहत मामला दर्ज किया। विवेचना में आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत मिले, जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना मैनपुर टीम की विशेष भूमिका रही।

# प्रभु श्रीराम की नैया पार लगाने वाले हैं भक्त निषादराज गुहा : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा





छुरा परिक्षेत्र केंवट निषाद समाज द्वारा ग्राम लोहझर में आयोजित भक्त गुहा निषादराज जयंती समारोह का आयोजन किया गया। निषाद समाज द्वारा आयोजित गुहा निषाद जयंती कार्यक्रम में राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष धनसाय निषाद ने की।

साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरा के अध्यक्ष श्रीमती मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कोमल ढीढी,फिंगेश्वर सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, जनपद सदस्य सुखबती टांडे, सरपंच संतराम ठाकुर, फिंगेश्वर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, प्रकाश सिन्हा,जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, सोमन यदु, लक्ष्मण वर्मा,गुलशन सिन्हा, राजू साहू आदि शामिल हुए। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि आपके समाज के पूर्वज गुहा निषाद राज, भगवान राम को वनवास के समय नदी पार कराए हैं जो भगवान राम मनुष्य को भवसागर से पार कराने वाले हैं। आप ऐसे गुहा निषाद राज के समाज से हैं आपको इस पर गर्व होना चाहिए आप किसी से कम नहीं हैं। निषाद समाज के आशीर्वाद हमें हमेशा मिलता रहा है, गुहा निषादराज जी के प्रेम और बंधुत्व को हमें आत्मसात करने की जरूरत है।

विधायक ने पारम्परिक व्यवसाय के साथ साथ अन्य व्यवसाय की तरफ को अपना कर समाज को ⏭ शेष पेज 12 पर

## झूठे वायदे कर सत्ता में आई है भाजपा : रामकृष्ण ध्रुव



**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने प्रेरस विज्ञप्ति जारी कर कहा छत्तीसगढ़ में भाजपा झुठे वायदे कर सत्ता में आई है मोदी के गारंटी के नाम का झुठे वायदे कर ग्राम पंचायत सचिवों के साथ छल किया जा रहा है। श्री ध्रुव ने कहा ग्राम पंचायत सचिवो का मांग जायज है और उनकी मांगो को तत्काल पूरा किया जाये पंचायत सचिवो के हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रे में कार्य प्रभावित हो रहे है। श्री ध्रुव ने कहा ⏭ शेष पेज 12 पर



नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में 8 दुकानें भी है शामिल

# प्रस्तावित नई शराब दुकानों का विरोध कांग्रेस ने दिया धरना सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र मे प्रस्तावित नई शराब भट्टी खोलने के विरोध कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव प्रवीण साहू के नेतृत्व मे ब्लॉक कॉलोनी मैदान मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम रवि को सौपा गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव प्रवीण साहू ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते कहा कि पूरे प्रदेश मे 67 नई शराब दुकान खुलने प्रस्तावित है रायपुर जिले मे 18 दुकाने जिसमे अभनपुर विधानसभा मे 8 दुकाने खोलने का प्रस्ताव है,शराब दुकान खुलने का सभी गांव मे भारी विरोध हो रहा है फिर भी ग्राम पंचायत के सरपंचो पर प्रशासन की ओर से अनैतिक दबाव डालकर एनओसी लेने का प्रयास किया जा रहा है इस संबंध मे भारतीय जनता पार्टी समर्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियो के मुंह मे ताला लगा हुआ है,सरकार के इस तुगलकी फरमान का विरोध नही कर पा रहे है, पुलिस रिकार्ड आंकलन ⏭ शेष पेज 12 पर

- कोलर, भरेगाभाठा, रवेली, उपरवारा, पिपरौद, जौदी, कठिया, टीला आदि गांवों में विरोध के स्वर मुखर





## मेडिकल सहित अन्य भत्ता का भुगतान चेक से होगा

# मुख्यमंत्री, मंत्री सहित विधायकों को वेतन का भुगतान अब ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल सहित सभी विधायकों के वेतन का भुगतान अब ऑनलाइन कर दिया गया है। नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से इन सभी माननीयों को उनके वेतन उनके बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर किए जाएंगे।

इससे पहले इन सभी को चेक के माध्यम से वेतन का भुगतान किया जाता था, लेकिन नए वित्तीय वर्ष में वेतन का भुगतान ऑनलाइन कर दिया गया है। वेतन को छोड़कर निर्वाचन क्षेत्र भत्ता, बीमारी सहित अन्य भत्ता का भुगतान ऑफलाइन यानी चेक से ही किया जाएगा। इसे ऑनलाइन नहीं किया गया है। ट्रेजरी विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के समस्त विधायकों के साथ मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को उनके पद के अनुसार दिए जाने वाला मासिक वेतन का भुगतान एक अप्रैल से ऑनलाइन कर दिया गया है। इसके तहत अब मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं विधायकों को वेतन उनके द्वारा खुलवाए गए संबंधित जिले के बैंक खाते में ट्रेजरी विभाग के माध्यम से संबंधित बैंक से ट्रांसफर होगा।

सूत्रों का यह भी कहना है कि वेतन के अलावा दूसरे सभी प्रकार के भुगतान ऑफलाइन यानी चेक के माध्यम से ही होंगे। इसमें बीमारी भत्ता, निर्वाचित क्षेत्र भत्ता सहित अन्य शामिल है।



### मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री सहित कुछ मंत्रियों के खाते भी रायपुर में

सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कुछ पूर्व नए एवं पूर्व मंत्रियों व विधायकों के खाते भी रायपुर में ही खुले हुए हैं। इन सभी को मिलने वाला मासिक वेतन का भुगतान ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से होगा।

### इस तरह से होगा भुगतान

अभी तक ट्रेजरी विभाग से संबंधित बैंक के माध्यम से माननीयों को चेक के माध्यम से भुगतान किया जाता था। नई व्यवस्था से अब चेक के स्थान पर सीधे बैंक से उनके खातों में वेतन ट्रांसफर किया जाएगा। इसके लिए ट्रेजरी विभाग ने संबंधित बैंक को उनके बैंक खाता नंबर से लेकर वेतन संबंधित सभी जानकारी का परीक्षण कर सूची भिजवा दी गई है।

### तय तारीख को ट्रांसफर होगी राशि, समय भी बचेगा

चेक से भुगतान होने के बाद माननीयों के बैंक खाते में वेतन की राशि आने में लगभग दो दिन से लेकर सप्ताहभर तक का समय लग जाता था। बैंक से डायरेक्ट उनके खाते में वेतन की राशि हर महीने तय तारीख को ट्रांसफर हो जाएगी। इससे समय की बचत होगी और उनको भी वेतन जल्द और समय पर मिलेगा।

---

## खबर संक्षेप

### पांच आईएफएस पीसीसीएफ के पद पर पदोन्नत

**रायपुर।** राज्य शासन ने पांच अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भारतीय वन सेवा) को प्रधान मुख्य वन संरक्षक के तौर पर पदोन्नत किया है। पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में कौशलेन्द्र कुमार, आलोक कटियार, अरुण कुमार पाण्डेय, सुनील कुमार मिश्रा और प्रेम कुमार शामिल हैं।

### ई-वे बिल की सीमा 1 लाख तक बढ़ी, पेट्रोल हुआ सस्ता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के छोटे व्यापारियों और मध्यवर्गीय परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए दो अहम निर्णय लागू किए हैं, जो आज से प्रभावी हो चुके हैं। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के दिशानिर्देश पर इन निर्णयों को बजट में शामिल किया गया था। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के भीतर माल परिवहन के लिए अनिवार्य ई-वे बिल की सीमा रुपए 50,000 से बढ़ाकर रुपए 1 लाख कर दी है। यह निर्णय विशेष रूप से छोटे व्यापारियों को राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है। इस निर्णय से व्यापारियों को रुपए 1 लाख तक के मूल्य के सामानों के परिवहन में अब ई-वे बिल की आवश्यकता नहीं होगी। निर्णय से राज्य में ई-वे बिल जनरेट करने वाले लगभग 26 प्रतिशत व्यापारियों को ई-वे बिल जनरेट करने से मुक्ति मिलेगी। निर्णय से ई-वे बिल जनरेशन में 54 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे अनुपालन व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी।

### उत्कल दिवस पर भिड़े भाजपा नेता, समाज के उत्थान से ज्यादा वर्चस्व पर ध्यान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में उत्कल समाज के बहुत सारे लोग निवास करते हैं। यहां पर वर्षों से समाज के लोग विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े हैं। 1 अप्रैल को उत्कल दिवस के अवसर पर शहर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उत्कल दिवस के अवसर पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर मधुसूदन दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया। समाज के लोग इस दिन को विशेष रूप सेलिब्रेट करते हैं। इसी क्रम में बीटीआई मैदान पर भाजपा महामंत्री ने एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के संबंध में क्षेत्रीय विधायक को जानकारी हुई, तो उन्होंने कहा, मेरे क्षेत्र में कार्यक्रम हो रहा है और मुझे ही जानकारी नहीं दी गई। भाजपा संगठन के प्रदेश मंत्री ने दो टूक कह दिया कि हर कार्यक्रम की सूचना देना जरूरी नहीं है।

---

## विभागों ने बजट का 33.86 प्रतिशत राशि नहीं किया खर्च

# बीते साल के बजट का ऐसा हाल, किसी ने आधा भी खर्च नहीं किया, किसी ने बचाए 300 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कुल आवंटित बजट का 66 .14 प्रतिशत रुपए खर्च

हरिभूमि खास

बीते वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ शासन के विभागों को दिए गए कुल बजट में से विभाग केवल 33.86 प्रतिशत ही खर्च कर पाए। वहीं कई विभागों ने कुल आवंटित बजट में से आधा भी खर्च नहीं किया। कई विभाग ऐसे भी हैं, जिन्होंने पूरे बजट का उपयोग करते हुए उससे अधिक खर्च किया। कुछ विभागों की बचत राशि 100 से 300 रुपए तक ही रही। अधिकतर विभाग ऐसे भी हैं, जिन्होंने एक तिहाई बजट भी खर्च नहीं किया। वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद शासन की वेबसाइट पर विभागीय बजट आवंटन और वितरण के आंकड़े जारी किए गए हैं। जारी आंकड़े में विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2024 से लेकर 31 मार्च 2025 तक किए गए खर्च और बचत राशि का विवरण दिया गया है। सभी विभागों के हेड वाइस जारी खर्चों को देखें, तो पता चलात है कि राज्य शासन ने 1 लाख 88 हजार 465 करोड़ 29 लाख को बजट जारी किया था। बजट में से विभागों को 1 लाख 40 हजार 783 करोड़ 40 लाख 30 हजार 24 रुपए वितरण किया गया। जारी की गई राशि में से 47 हजार 681 करोड़ 85 लाख 69 हजार 985 रुपए खर्च नहीं कर पाए। अर्थात विभागों ने केवल 66.14 प्रतिशत राशि का ही उपयोग किया।



### इनका प्रदर्शन रहा अच्छा

जारी आंकड़ों को देखा जाए, तो विभागों के हेड वाइस बजट आवंटन में ऊर्जा विभाग के सचिव को आवंटित 11 हजार 184 करोड़ 79 लाख रुपए से अधिक के आवंटन में शत प्रतिशत खर्च किया गया। आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव को आवंटित 3006 करोड़ 41 लाख से अधिक के आवंटन में से मात्र 300 रुपए ही शेष हैं। वहीं संचालक पर्यटन विभाग को आवंटित 315 करोड़ 54 लाख से अधिक के आवंटित बजट में से मात्र 100 रुपए शेष हैं। इन विभागों ने अपने बजट का पूरा उपयोग किया हैं।

### निर्माण विभागों ने किए 90 से 72 प्रतिशत खर्च

*लोक निर्माण विभाग को बजट में कुल 10 हजार 541 करोड़ 80 लाख का बजट आवंटन मिला। इसमें से 8 हजार 627 करोड़ 98 लाख रुपए खर्च कर पाया। विभाग 1 हजार 913 करोड़ 82 लाख रुपए खर्च नहीं कर पाया। विभाग ने 81 प्रतिशत बजट का उपयोग किया। मुख्य अभियंता जल संसाधन को कुल 3392 करोड़ 43 लाख से अधिक बजट दिया गया था। उसमें से 3072 करोड़ 79 लाख ही खर्च कर पाया, लगभग 319 करोड़ से अधिक राशि बच गई। यहां 90 प्रतिशत बजट का उपयोग किया गया। इसी प्रकार लो स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवंटित 5059 करोड़ 40 लाख रुपए से अधिक 3666 करोड़ 58 लाख रुपए खर्च हुए 1392 करोड़ रुपए र्चा नहीं हो पाए। इस प्रकार विभाग में 72 प्रतिशत राशि का उपयोग किया गया।*

### इन विभागों में हुआ बजट से अधिक खर्च

जारी आंकड़े को विश्लनेषण करने पर यह पाया गया कि डेढ़ दर्जन विभाग ने विभिन्न मदों में कुल मिले बजट से अधिक राशि खर्च किया। इनमें गृह विभाग के अंतर्गत प्रोटोकॉल अधिकारी को आवंटित 4 करोड़ 26 लाख 10 हजार से अधिक बजट में से 4 करोड़ 27 लाख से अधिक खर्च किया गया। सचिव लोक सेवा आयोग को 29 करोड़ 82 लाख का बजट आवंटन किया गया इनमें से 29 करोड़ 91 लाख रुपए खर्च होना बताया गया है। अन्य मद जिसमें बजट से अधिक खर्च किया गया उनमें सचिव राज्यपाल, डीजी प्रशासन अकादमी, सैनिक कल्याण, रजिस्टार फर्म एवं सोसाइटी, अधीक्षक स्टेट गैरेज, नियंत्रक नापतौल, नियंत्रक प्रिटिंग एवं स्टेशनरी, विमानन, और संचालक मेडिकल एजुकेशन सहित अन्य विभाग के मद शामिल हैं।

### वन्य प्राणी संरक्षण में 62 करोड़ का उपयोग नहीं

जारी आंकड़े में खाद्य विभाग को 10 हजार 504 करोड़ से अधिक का बजट मिला, विभाग ने इसमें से 10 हजार 423 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किया। संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग को 99 करोड़ 5 लाख का बजट आवंटन मिला इसमें से 74 करोड़ 7 लाख से अधिक खर्च किया गया। विभाग 24 करोड़ से अधिक राशि का उपयोग नहीं कर पाई। वन संरक्षक वन्य प्राणी के लिए आवंटित बजट 278 करोड़ से अधिक का था, इसमें से 215 करोड़ 48 लाख रुपए से अधिक खर्च हुए। करीब 62 करोड़ की राशि का उपयोग नहीं कर पाया।

---

## नया बजट लागू

# वित्त ने विभागों को समझाया कैसे खर्च करनी है रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ सरकार का नया बजट 2025-26 एक अप्रैल से प्रभावशील हो गया है। वित्त विभाग ने इस बजट आवंटन की संसूचना देते हुए विभागों को समझाया है कि उनके विभाग के बजट में आवंटित राशि किस तरह खर्च करना है। वित्तीय वर्ष के 12 महीनों में पहले छह माह में कितनी राशि खर्च की जाएगी और बाद के छह महीनों में किस प्रकार बची राशि खर्च करना है।

### वित्त ने जारी किया ये निर्देश

वित्त विभाग ने विभागों को बताया है कि वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कुल बजट प्रावधान का 40 प्रतिशत खर्च करना होगा जिसमें पहली तिमाही में 25 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 15 प्रतिशत राशि खर्च की जाएगी। दूसरी छमाही में कुल बजट प्रावधान का 60 प्रतिशत व्यय किया जाएगा। जिसमें से तृतीय तिमाही में 25 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 35 प्रतिशत खर्च किया जाएगा। जट आवंटन की सर्वर में 3 किस्तों में यानी पहली छमाही तथा द्वितीय छहमाही के लिए ही की जाएगी न कि प्रत्येक तिमाही के लिएष व्यय की सीमा तिमाही के लिए ही रहेगी और व्यय की मॉनिटरिंग वित्त विभाग द्वारा तिमाही के आधार पर की जाएगी।

### अंतिम माह मार्च में 15 प्रतिशत ही खर्च

वित्तीय वर्ष के अंतिम माह यानी मार्च में व्यय की अधिकतम सीमा कुल बजट प्रावधान का 15 प्रतिशत तक होगी। पहली छमाही में निर्धारित सीमा से कम व्यय करने की स्थिति में बचत राशि 50 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में व्यय के लिए अग्रेषित (कैरी फारवर्ड) की जा सकेगी, जिसका उपयोग तृतीय तिमाही में करना अनिवार्य होगा। इसके लिए विभागों निर्धारित सीमा से कम व्यय का औचित्य स्पष्ट करते हुए वित्त विभाग से सहमति प्राप्त करनी होगी। बचत की शेष राशि आवश्यकता के आधार पर अन्य विभागों को आवंटित की जाएगी।

### केंद्रीय योजनाओं पर ये लागू नहीं होगा

वित्त विभाग ने बताया है कि कतिपय केंद्रीय योजनाओं में अंतिम किस्त मार्च के महीने में प्राप्त होती है। इसीलिए ऐसे प्रकरणों में वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में व्यय के लिए निर्धारित सीमा लागू नहीं होती।

---

## कुर्मी समाज का जनजागरण और सद्भावना बाइक रैली 10 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 79वां महाधिवेशन आगामी 13 एवं 14 अप्रैल को राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में होगा। कार्यक्रम की तैयारी के लिए रायपुर नगर एवं पूरे छत्तीसगढ़ में बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को मोवा परिक्षेत्र में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 10 अप्रैल को जनजागरण एवं सद्भावना बाइक रैली निकाली जाएगी। रैली मोवा से निकलकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए इंडोर स्टेडियम पहुंचेगी। रैली में समाज के वर्तमान एवं पूर्व पार्षद सहित एक हजार प्रतिभागी शामिल होंगे। कार्यक्रम के पहले दिन 13 अप्रैल को शुभारंभ कलश यात्रा से होगा, जिसमें 500 कलश के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर कार्यक्रम स्थल इंडोर स्टेडियम रायपुर तक कलश यात्रा पहुंचेगी। कुर्मी समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में युवा एवं महिला सम्मेलन, सामूहिक आदर्श विवाह, समाज के विभिन्न प्रकार के नियमों में संशोधन, सामाजिक जागरण, अतिथियों का मार्गदर्शन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न पदाधिकारियों को जवाबदारी सौंपी गई है।



## चार युवा बने राजिम भक्तिन माता समिति के संगठन मंत्री



**राजिम।** सामाजिक समरसता के प्रणेता सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अग्रणीय संस्था साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, नगर साहू संघ नवापारा नगर के अध्यक्ष रमेश साहू ,समिति के उपाध्यक्ष आलोक डॉ चंद्रिका साहू की अनुशंसा पर नवापारा नगर के युवा नेता डीगेश्वर साहू, कोमल साहू, जामगांव क्षेत्र के युवा नेता यशवंत साहू, राजिम क्षेत्र के युवा नेता किसलाल साहू को साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के संगठन मंत्री के पद पर नियुक्त किया है। समाज के प्रति इन युवाओं की वचनबद्धता कर्मठता एवं जागरूकता को देखते हुए समिति के भावी योजनाओं को कार्य रूप में पारित करने के लिए इन युवाओं को संगठन मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। मनोनयन के पश्चात इन युवाओं को समिति के संरक्षक रूपेंद्र साहू, उपाध्यक्ष नूतन साहू, नंदलाल साहू, भोले साहू, श्याम साहू, रामकुमार साहू, प्राचार्य पुरन साहू, डॉ ओंकार साहू, अमृतलाल साहू, राजू साहू, डॉ गंगाराम साहू, महिला प्रकोष्ठ की सुनीति साहू ने फूलमाला से स्वागत कर बधाई एवं शुभकामना दी।

## नामदेव समाज विकास परिषद की बैठक 10 को, महापौर होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

श्री नामदेव समाज विकास परिषद छत्तीसगढ़ का प्रांत स्तरीय प्रांतीय पदाधिकारियों एवं समस्त जिलों की निर्वाचित, मनोनीत पदाधिकारियों की बैठक सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 10 अप्रैल को होगी। इस दौरान पूरे प्रदेश के सभी वरिष्ठ समाजसेवी समाज की एकता, समन्वय स्थापित करते हुए समाज की प्रगति और कल्याण के विषय में चिंतन करेंगे। इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे का समाज द्वारा अभिनंदन करने के लिए उन्हें मंगलवार को निवेदन पत्र दिया, जिसे महापौर ने स्वीकृति प्रदान करते हुए अपनी उपस्थिति की सहमति प्रदान की। बैठक में समाज के अध्यक्ष और योगाचार्य केएल नामदेव, जिलाध्यक्ष नारायण प्रसाद नामदेव, प्रांतीय सचिव अनिल बरोलिया, प्रांतीय महामंत्री धर्मेश नामदेव, जिला सचिव महेंद्र नामदेव, अविनाश नामदेव, रश्मि नामदेव, डिंपल नामदेव, प्रीति, मनीष नामदेव एवं समाज के युवा उपस्थित थे।

---

## निर्माण कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन

# नक्सल प्रभावित जिलों में जिला निर्माण समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन ने एक निर्णायक कदम उठाते हुए नक्सल प्रभावित सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर जिलों में निर्माण कार्यों की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्माण समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान की है।

उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनता के पैसे से चलने वाले कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। समिति के माध्यम से रूपये 10 करोड़ तक का कार्य कराया जा सकेगा।

इसी तारतम्य में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जिला निर्माण समिति के गठन के सम्बन्ध में आदेश जारी किया गया है। यह समिति निर्माण कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन के लिए गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर रहेंगे। जिले के पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, डीएफओ, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, जिला कोषालय अधिकारी एवं संबंधित कार्य के जिला प्रमुख अधिकारी समिति के सदस्य रहेंगे।

### सक्षम तकनीकी अधिकारी करेंगे पर्यवेक्षण

निविदा स्वीकार करने वाला प्राधिकारी निविदाओं को स्वीकार करने से पहले दरों की उचितता के बारे में खुद को संतुष्ट करेगा। दरों की उचितता का आंकलन मुख्य रूप से उचित दरों के आधार पर किया जाएगा, निविदा स्वीकार करने वाला प्राधिकारी निविदाओं पर निर्णय लेते समय पिछले तीन महीनों की अवधि के भीतर बुलाए गए कार्यों की समान प्रकृति की निविदाओं की दरों का उल्लेख कर सकता है। समान कार्यों का अर्थ है प्रकृति, मात्रा, विनिर्देशों और स्थान में समान कार्य, जो बहुत करीब है।

### कार्य क्षेत्र संपूर्ण राजस्व जिला होगा कार्यक्षेत्र

कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति वर्तमान नियमों के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी की जाएगी। जिला निर्माण समिति के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों का निर्धारण जिला कलेक्टर द्वारा किया जायेगा। जिन कार्यों को 3 बार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करने के बाद भी, इच्छुक ठेकेदार उपलब्ध नहीं होने के कारण पूरा कराया जाना संभव न हो, ऐसे अत्यावश्यक तथा अपरिहार्य निर्माण कार्यों को जिला निर्माण समिति के माध्यम से कराया जायेगा। स्थानीय निधि जैसे की डीएमएफ/सीएसआर इत्यादि मद से कराए जाने वाले कार्यों में भी सर्वप्रथम कार्य एजेंसी जैसे की पीडब्लूडी/आरईएस/पीएमजीएसवाई इत्यादि को ही क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया चाहिए ना की जिला निर्माण एजेंसी को। इन एजेंसी के द्वारा अगर कार्य निष्पादन नहीं हो पाता है, लगातार 3 बार निविदा में कोई भाग नहीं लेता है तब वैसी परिस्थिति में ही कार्य स्थानीय निधि से जो कराए जाने है, में जिला निर्माण एजेंसी को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया जा सकता है।

---

## पेज 11 के शेष

### महुआ बीनने गई महिला...

सुअर, लकड़बघ्घा दिखाई दे रहे है। घटना की जानकारी लगते ही वन परिक्षेत्र नवागढ़ अधिकारी भुखन लाल सोरी तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे। श्री सोरी ने परिजनों से मुलाकात की और उन्होंने वन विभाग की प्रारंभिक सहायता राशि 25 हजार रुपए दी।

### गांव में ...

है। इसके पहले भी अंचल के कई गांवों मे तेंदुआ का आतंक जारी रहा है । क्षेत्र मे लगातार जंगलों में अवैध कब्जे व महुआ बीनने ग्रामीणों के द्वारा लगाई जा रही आग के कारण जंगली जानवरों के ऊपर जान का खतरा मंडरा रहा है। जिसके कारण जंगली जानवर अपने आपको असुरक्षित मान कर अपना रुख गांव की तरफ कर रहे हैं। पूर्व में क्षेत्र में घने जंगलो के लिये जाना पहचाना जाता था। लेकिन वन अधिकार पट्टा व ईट भट्टो के साथ अवैध कब्जा करने ग्रामीण लगातार जंगल का विनाश कर रहे हैं। जिसके कारण जंगली जानवरो का रहवास सिमटते जा रहा हैं। अब जंगली जानवर गांवों की तरफ रुख करने लगे है। गर्मी के दिनों में अक्सर जंगलों में नदी नाले पोखर लगभग सूख जाते हैं। जिसके कारण भी जंगली जानवर भी अपनी प्यास बुझाने गांव की ओर कूच कर रहे हैं। कई वन्य प्राणियों को तो अपनी प्यास बुझाने अपनी जान की बाजी भी लगानी पड़ती है। गर्मी की के दिनों मे हिरणो को अपनी प्यास बुझाने गांव की तरफ आना पड़ता है। गांव के कुत्ते या फिर शिकारी के तीर का शिकार होना पड़ता है ।

### प्रभु श्रीराम की नैया...

विकास के मार्ग में अग्रसर करने की बात कही तथा समाज के सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए विधायक रोहित साहू ने 8 लाख रूपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम को अन्य उपस्थित अतिथियों ने भी संबोधित कर भक्त गुहा निषादराज का गुणगान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### झुठे वायदे कर सत्ता....

गरीबो को सस्ती सिलेंडर देने का वायदा करके चुनाव जितने के बाद सिलेंडर सस्ता देने के बजाय शराब को सस्ती करके प्रदेश में शराब को गांव –गांव पहुंचाना चाह रही है भाजपा चुनाव से पहले शराबबंदी की बात करती थी लेकिन अब सत्ता में आते ही गांव –गांव शराब पहुंचाने का कार्य भाजपा सरकार कर रही है।

### प्रस्तावित नई शराब दुकानों...

अनुसार प्रशासन स्वयं मानती है की 90 फीसदी अपराध नशाखोरी की वजह से हो रहा है गांव गांव मे शराब दुकान खुलने से अपराध मे वृद्धि होना तय है ,सरलता से कोई भी नशा उपलब्ध होने पर उसकी संख्या बढ़ जाती है। प्रदेश सरकार युवाओ को जानबूझ कर नशे के जंजाल मे ले जाने का कार्य कर रही है ताकी आने वाली पीढ़ी अपने हक व अधिकार की लड़ाई न लड़ सके,सरकार की मंशा साफ जाहिर हो रही है,आज पूरा प्रदेश अपराध का गढ़ बन चुका है, दिनदहाड़े खुलेआम चाकूबाजी,हत्या,बलात्कार,डकैती हो रही है फिर भी सरकार इसे रोकने मे नाकाम है अभनपुर क्षेत्र मे प्रस्तावित नई दारू भट्टी के लिए कोलर, भरेगाभाठा, रवेली, उपरवारा, पिपरौद, जौदी, कठिया, टीला सभी गांव मे भट्टी खोलने का स्थानीय स्तर पर विरोध हो रहा है जिसके समर्थन मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनुर एवं नयापारा के तत्वाधान मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है फिर भी सरकार दबाव पूर्ण शराब दुकान खुलवाने का प्रयास करती है तो कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता शराब भट्टी के विरोध मे शामिल होगा।

**आंदोलन में शामिल हुए :** इस मौके पर पूर्व जपं.अध्यक्ष देवनंदनी साहू,जिपं प्रतिनिधि लोकमणी कोसले, सालिकराम सोनकर,संजीव गिरी गोस्वामी, धनेश्वरी डांडे, सारिका साहू, पार्षद नीलकमल गिलहरे आदि लोगो ने सभा को संबोधित किये कार्यक्रम मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोलाराम सोनवानी, गिरधारी साहू, जिला उपाध्यक्ष डामन साहु,नपा अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,पार्षद रानू राठी, डोमेन्द्र साहू ,वीरेन्द्र सिन्हा,हिम्मत सरदार,महिला मोर्चा अध्यक्ष निंबा निम्बेकर,सुनील कौशल,सुशील शर्मा, शशिप्रकाश साहू, सालिकराम सोनकर,जयवर्धन बघेल,महेश साहू,राकेश बघेल,गैदलाल साहू,नंदू साहू,महेन्द्र साहू,ताराचंद साहू,दिलीप बंजारे,रानू बंजारे,महेन्द्र निषाद,राजा जोसे,नीलकंठ साहू,संदीप दीवान,सुमित तंबोली, सहित जनपद सदस्य,सरपंच व ग्रामवासी धरना प्रदर्शन मे शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### महुआ एकत्र कर तेज धूप में घर लौटते ग्रामीण



**मैनपुर।** मैनपुर वनांचल क्षेत्र में इन दिनों महुआ संग्रहण कार्य जोरो पर चल रहा है और महुआ संग्रहण करने के लिए परिवार साथ ग्रामीण सुबह 5 बजे जंगल की तरफ निकल जाते है। इसी दौरान महुआ संग्रहण कर ग्राम बरदुला के एक बुजुर्ग दंपत्ति तेज धूप में दोपहर घर लौटते इस तस्वीर को हमारे मैनपुर संवाददाता शेख हसन खान ने अपने कैमरे में कैद किया है।
टीप- एम एन पी 7 की फोटो इसी से उठा लें।

### चलती ट्रेन के आगे पटरी पर लेट गया युवक, मौत

**महासमुंद।** हाईवे 353 के ग्राम बेलसोंडा स्थित रेलवे क्रॉसिंग में मंगलवार को एक युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना सुबह 10 बजे की बताई जा रही है, जिसमें आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बता दें कि खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद लाश परिजनों को सौंप दी गई। खबर है कि आत्महत्या करने वाला ग्राम खरोरा निवासी युवक नागेश्वर चंद्राकर 35 वर्ष कुछ दिनों से परेशान था। वहीं परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि नागेश्वर चंद्राकर (35) खरोरा का रहने वाला था, जो जेसीबी चलाता था। बीते कुछ दिनों से वह परेशान चल रहा था। वह मंगलवार सुबह करीब 8 बजे घर से चाय पीने के बाद निकला था। बेलसोंडा स्थित रेलवे फाटक के पास ट्रेन की पटरी में लेट गया। सामने से आ रही ट्रेन युवक के सिर से गुजर गई। इससे युवक शरीर का हिस्सा दो भागों में बंट गया। सिर पटरी के पास जा गिरी। वहीं पैर का हिस्सा दूसरी ओर छिटक गया।

### मेड़ बना रहे किसान से दो लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम घाटकछार में अपने खेत में मेड़ बना रहे व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। सिंघोड़ा थाने में इस मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को गोपाल कुमार निवासी घाटकछार ने बताया कि वह 1 अप्रैल की शाम करीबन 6 बजे अपने खेत में मेड़ बना रहा था, उसी समय गांव के धनपति बगर्ती एवं खदालो बगर्ती आए और हमारे खेत में मेड़ क्यों बना रहे हो कहकर गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट करने लगे।

## मां शीतला मंदिर में लगा भक्तों का तांता



नवापारा-भेण्डरी। भेण्डरी के मां शीतला मंदिर में पंचमी के अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह से शाम तक भक्तों की भीड़ लगी रही। यहां 91 मनोकामना ज्योति भी प्रज्वलित की गई है।

## मौली मंदिर में दिन भर लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

**फिंगेश्वर।** चैत्र नवरात्र पंचमी को मौली मांदिर फिंगेश्वर मे माता का दर्शन करने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने श्रीफल भेंटकर पूजा अर्चना करते हुए मन्नते मांगी। नगर की प्रसिद्ध मौली मंदिर मे चैत्र नवरात्र पर्व पर प्रथम दिन से लेकर पंचमी तक दूर दूर से श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर माता के आगे शिश झुकाया और अपने घर परिवार के खुशहाली के प्रार्थना की। श्रद्धालुओं का तांता पंचमी के दिन भी सुबह से दिखाई दी। लोग अपने हाथों मे श्रीफल अगरबत्ती फूल लेकर मंदिर मे पहुंचते रहे। इसी कड़ी मे श्रद्धालु बनकर फिंगेश्वर तहसीलदार अजय चंद्रवंशी भी अपने स्टाप के साथ दोपहर मे मंदिर पहुंचकर माथा टेका। मंदिर की सजावट को देखकर वे प्रसन्न नजर आये और व्यवस्था को लेकर तारीफ भी किया।



### क्षेत्रवासियों को विधायक ने दी लाखों की सौगात

# हर घर में हो भगवान श्रीराम की कृपा: विधायक रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम के ग्राम पोखरा में तीन दिवसीय संगीतमय रामायण प्रतियोगिता के समापन समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। राजिम विधायक रोहित साहू ने प्रभु श्रीराम के चरणो में शीष झुकाकर प्रणाम किया और समूचे क्षेत्र के सुख समृद्धि खुशहाली के लिए मंगल कामना की।

■ पोखरा में आयोजित तीन दिवसीय संगीतमय रामायण प्रतियोगिता के में की विधायक रोहित साहू ने शिरकत

इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि प्रभु श्रीराम के कृपा से राजिम क्षेत्र विकास के पथ पर निरंतर बढ़ रहा है। भगवान से विनती है कि सभी के घरो में सुख शांति आए,धन धान्य परिपूर्ण हो। भगवान श्रीराम की कथा भवसागर पार करने के लिए क्षेत्र के गांव-गांव में हो रहा है। ग्रामवासी भगवान श्रीराम की कथा सुन रहे है यह सब हमारे पुण्य का प्रतिफल है। रामकथा से गांव का वातावरण बहुत ही अच्छा रहता है, भाईचारा की भावना बढ़ती है। भगवान श्रीराम के आदर्श को अपने जीवन में उतारे। माता- पिता की सेवा करे। कहा कि धर्म के प्रति आस्था जगाने का काम गांव के आयोजन समिति, प्रस्तुति देने वाले मानस मंडली और दर्शकदीर्घा में बैठे श्रद्धालुओं का अटुट सहयोग है। भगवान की कृपा से गांव परिवार में सुख समृद्धि बना रहे।





### सड़क निर्माण के लिए 71 करोड़ कराए स्वीकृत

इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने ग्राम पंचायत पोखरा के लिए सामुदायिक भवन 6.50 लाख ,टीन शेड 10 लाख और इसके अलावा सड़को के बहुत ही खराब हालत को देखते हुए पोखरा से कोपरा टु लेन सड़क निर्माण के लिए 71 करोड़ की धन राशि स्वीकृत कराया। जिस पर ग्रामीणो ने विधायक के प्रति प्रसन्नता जाहिर कर अभिनंदन किया। रामायण प्रतियोगिता कार्यक्रम में विशेष रूप से सुप्रसिद्ध गायक मनेश्वर ध्रुव की सुमधुर स्वर और पावन धरा मानस मंडली छुईहा घटारानी के व्याख्याकार ओमप्रकाश यादव,गायक आरगन मनेश्वर ध्रुव,पेड लिलेश साहू, तबला मोनू साहू,ढोलक पोखराज साहू के संगीत ने सबको ताली बजाने और झुमने के लिए मजबुर कर दिया।

### ये रहे मौजूद

रामायण कथा सुनने के लिए विशेष रूप से विधायक रोहित साहू के अलावा जिला पंचायत सदस्य नंदनी साहू के प्रतिनिधि ओंकार साहू, भाजपा नेता रामाधार साहू,जनपद उपाध्यक्ष सतीष यादव,जिला पंचायत सदस्य नंदनी ढीढी,मंगलू साहू,सत्यवान साहू, विधायक के निज सचिव किशोर साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, मंडी अध्यक्ष ललित साहू,युगल साहू, प्रेम टोडर, मदन साहु, रामजी साहू, माधुरी साहू, तामेश्वरी सोनवानी,बेनी यादव,हृदय,,परसदाजोशी के सरपंच गिन्नी सोनी, भारत यादव, सियाराम साहू,नीरा साहू,हेमू सिन्हा ,भागीरथी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे। प्रारंभ में ग्रामवासियो ने विधायक श्री साहू का आतिशबाजी करते हुए फुल माला पहनाकर गुलाल लगाकर आत्मीय स्वागत किया।

## अपनी प्राचीन संस्कृति और परंपरा को भूलना नहीं चाहिए : सोमनाथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

नगर पंचायत राजिम के वार्ड क्रमांक 3 पटेल पारा में चैत्र नवरात्र और हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर वार्ड के युवाओं द्वारा वार्ड में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में महाआरती का आयोजन पंडित जयशंकर मिश्रा द्वारा पूरे विधि विधान के साथ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सेजस आत्मानंद स्कूल के सांसद प्रतिनिधि, पार्षद प्रतिनिधि के रूप में सोमनाथ पटेल, पिंटू पटेल, कमलेश पटेल, हेमराज पटेल, देनेश पटेल, विजय चक्रधारी, पन्ना पटेल, दिलीप पटेल, लोकेश पटेल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सेजस आत्मानंद स्कूल के सांसद प्रतिनिधि व पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने चैत्र नवरात्र और हिंदू नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि आधुनिकता के दौर पर हमें अपने प्राचीन संस्कृति और परंपरा को भूलना नहीं है, हिंदू धर्म हमारी सनातन धर्म है, और हिंदू धर्म की रक्षा के लिए हम सभी युवाओं को आना चाहिए, हमारे देश के सभी बच्चों को हमारे हिंदू ग्रंथ रामायण महाभारत, हनुमान चालीसा, सुंदर कांड सहित अनेक धार्मिक कार्यों और साहित्यिक आदि की जानकारी होना जरुरी हैं। तभी हम अपने सनातन धर्म को आगे बड़ा पाएंगे।

■ प्राचीन हनुमान मंदिर में महाआरती का किया गया आयोजन

## नवागांव में हुई परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक

**नवापारा-राजिम।** परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण (नवागांव) की आवश्यक बैठक बैठक 2 अप्रैल बुधवार को साहू समाज भवन नवागांव में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ परिक्षेत्र साहू समाज के स्वजातीय बंधुओ द्वारा माता कर्मा की पूजा आरती के साथ हुआ। इस बैठक में सामाजिक गतिविधि, सामाजिक एकजुटता एवं सामाजिक संगठन पर आवश्यक रूप से चर्चा किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू ने सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए कहा कि संगठन में बड़ी शक्ति है। समाज में तभी एकजुटता होगी जब लोग दूसरे के बहकावे में न आवे. उन्होंने आगे कहा कि आज के युवा कल के भविष्य है। लेकिन अधिकांशतः देखने को मिलता है कि नशे के गिरफ्त में आकर युवा अपनी शारीरिक, मानसिक चेतना खो देते है। अतः आप सभी नशापान से दूर रहे।

■ सामाजिक गतिविधि, सामाजिक एकजुटता एवं सामाजिक संगठन पर की गई चर्चा



**ये रहे उपस्थित :** इस बैठक में प्रमुख रूप से परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू, संरक्षक भुवन साहू, उपाध्यक्ष गंगूराम साहू, रमा साहू, सचिव कृष्णा साहू, पूरन लाल साहू, गुहा राम साहू, राजेश साहू, रामकुमार हिरवानी, बालमकुंद साहू, नेमीचंद साहू, पार्वती साहू, बसंत साहू, विशाल राम साहू, डोमार साहू, पुनाराम साहू, शत्रुघ्न साहू, हीरालाल साहू, हरिश्चन्द्र साहू, श्यामलाल साहू, सेवाराम साहू सहित परिक्षेत्र साहू समाज के स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

## विधायक से मिले सहकारी समिति अध्यक्ष इतवारी सिन्हा, उपार्जन केन्द्र में बोर खनन की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चरौदा अध्यक्ष इतवारी सिन्हा, वरिष्ठ कार्यकर्ता भागवत सिन्हा चरौदा राजिम विधायक रोहित साहू से उनके निवास सोमवार को मिलें। उन्होंने विधायक को बताया की उपार्जन केन्द्र चरौदा में सैकड़ों हेमाल कार्यरत हैं। वहीं समीति से सम्बंध गांव के हजारों पंजीकृत किसानों धान बेचने आते हैं। बताया कि चरौदा केन्द्र में इन लोगों के लिए पेयजल का अभाव है। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से बोर खनन सह मोटर पम्प सुविधा देने की मांग किया गया। विधायक ने आश्वस्त किया है।

### हम सबके आस्था विश्वास का केंद्र है मां का ये धाम: रोहित साहू

# गिधनीपाठ धाम पहुंचे विधायक रोहित साहू, विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नवरात्रि के पावन पर्व पर राजिम विधायक रोहित साहू गिधनी स्थित गिधनीपाठ धाम में मातारानी का दर्शन एवं आशीर्वाद लेने पहुंचे। इस दौरान गिधनीपाठ विकास समिति के अध्यक्ष छत्तर ठाकुर ने मांगपत्र का वाचन किया, जिसके विधायक रोहित साहू कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह धाम आस्था का केंद्र है, इसके विकास के कोई कमी नहीं होगी। विधायक बनने के बाद पहली बार यहाँ आना हुआ है। यह धाम हम सबके आस्था विश्वास का केंद्र है, और मां शक्ति के आशीर्वाद से क्षेत्र के विकास को निरंतर अग्रसर करेंगे।

उन्होंने समाज की मांग पर गिधनीपाठ धाम में टीना शेड के लिए दस लाख रूपये की घोषणा की तथा कटेलपारा तक पीएम जनमन योजना के तहत पक्की सड़क निर्माण कराने की बात भी कही। जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर के द्वारा विधायक रोहित साहू से मड़ेली में विद्युत सब स्टेशन निर्माण के लिए बजट आबँटन की मांग की, जिस पर विधायक रोहित साहू ने बजट स्वीकृति करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, गिधनीपाठ विकास समिति के अध्यक्ष छत्तर ठाकुर, फिंगेश्वर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, राजू साहू, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, सोमन यदु, मानसिंह निषाद, लता साहू, आसकरण साहू, प्रकाश सिन्हा, गुलशन सिन्हा सहित भाजपा के कार्यकर्ता तथा समिति के सदस्य व गिधनी, ओनवा, खैरझिटी, सहित पूरे पांच गाँव के लोग शामिल हुए।



## भेण्ड्री सरपंच ने विधायक से की मुलाकात, पंचायत में विकास कार्य पर की चर्चा

**छुईहा-बेलर।** भेण्ड्री ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने राजिम विधायक रोहित साहू से भेंट मुलाकात कर पंचायत के विकास पर चर्चा की और अपने गांव पहुंचने का न्योता दिया।

ग्राम पंचायत भेण्ड्री चुनाव के शपथ ग्रहण के बाद पहली बार सरपंच ग्राम पंचयात भेंडरी सविता चुम्मन सिन्हा, उपसरपंच रमेश सिन्हा, पंचायत प्रतिनिधि पंचगण दामनी साहू, गूंजा सिन्हा, उमराव सिन्हा, सरोज साहू, रामेश्वरी ध्रुव, देहुति सिन्हा, आशबाती विश्कर्मा, चन्द्रहास ध्रुव, रजनी ध्रुव, क्रान्ति ध्रुव, भगवनतीन ध्रुव, सजनी बाई ध्रुव, रामजी ध्रुव, हेमलता सीमा बाई ध्रुव, ग्राम प्रमुख विष्णु सिन्हा, हेमंत सिन्हा हेमू, सम्पत साहू, पंचायत के भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजिम विधायक रोहित साहू से उनके निवास पहुंचकर भेंट मुलाकात की और पंचायत में विकास पर चर्चा की। उन्होंने विधायक को गांव पहुंचने का न्योता भी दिया।

वहीं विधायक रोहित साहू ने मिलने पहुंचे पंचायत प्रतिनिधियों से कहा सरपंच गांव के विकास की चाबी होती है, बड़ी उम्मीद से आप पर भरोसा कर ग्रामीणों ने जिम्मेदारी सौंपी है, आप जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें, विधायक ने गांव की विकास पर हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।





# चना बीज का वितरण ही नहीं किया, एनएफएसएम योजना घपला उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

विकासखंड मे एनएफएसएम योजना अंतर्गत ग्राम चंपारण, टीला, तोरला, भुरका, गोरभट्टी ग्रामो के चयनित क्षेत्रो मे कृषको को चना बीज का वितरण कर 100 हेक्टेयर मे चना का उत्पादन कार्यक्रम लेना था लेकिन किसानो को चना बीज का वितरण नही कर शासन द्वारा प्राप्त बीज एवं कीटनाशक दवाईयो को बेच दिया गया। इस संबंध मे जानकारी मिलने पर एसडीएम रवि सिंह ने तहसीलदार नयापारा को निर्देशित कर खसरावार गिरदावरी रिपोर्ट जानकारी मंगाई गई थी जिसमे मात्र 2 हेक्टयर मे चना बोनी होने की जानकारी प्राप्त हुई थी। एसडीएम अभनपुर ने इस संबंध मे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी क्षेत्र तोरला मिथलेश कुमार साहू एवं चंपारण,टीला क्षेत्र के विनय कुमार सिंह के विरूद्ध चना बीज की राशि वसूली एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर कलेक्टर रायपुर को भेजी गई है लेकिन



कृषि विभाग के अधिकारी मामले को रफा दफा करने के लिए विगत 2 माह से प्रयासरत है किसानो को अलग अलग प्रलोभन देकर बीज प्राप्त करने का एक फार्मेट मे हस्ताक्षर कराने का प्रयास किया गया जिससे यह बता सके कि किसान को बीज देने के बाद वह खेत मे चना बोया ही नही गया। इतने बड़े मामले मे कृषि विभाग के उच्चाधिकारियो के संज्ञान मे मामला आने के बाद भी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियो पर अभी तक किसी प्रकार की कार्यवाही नही की गई,राजधानी से लगे हुये क्षेत्र मे इतने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की पुष्टि होने के बाद भी कोई कार्यवाही न होना विभाग की उच्चाधिकारियो की संलिप्तता साफतौर पर जाहिर होती है,शासन द्वारा दलहन,तिलहन की फसलो के उत्पादन को बढ़ाना देने के उद्देश्य से किसानो को निशुल्क बीज का वितरण कर प्रोत्साहित करने की योजनाये चलाई जा रही है लेकिन कृषि विभाग के जिन व्यक्तियो के हाथो मे आर्थिक स्थिती सुधारने की जिम्मेदारी है वही अधिकारी कृषको के लिए सबसे बड़े बाधक साबित हो रहे है कागजो मे बीज एवं कीटनाशक दवाईयो का वितरण कर अपनी आर्थिक स्थिती सुदृढ़ कर रहे है। इतने बढ़े पैमाने पर शासन द्वारा किसानो को बीज दिया जाता है उनके जानकारी मे भी नही है तथा इस मामले का खुलासा होने पर किसानो मे भी आक्रोश व्याप्त है।

## खबर संक्षेप

### शहीद सुखसिंह फरस की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आज



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से 16 किमी दूर ग्राम मोहंदा धवलपुर में 3 अप्रैल दिन गुरूवार को प्रातः 11 बजे से श्रद्धाजंली कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि नक्सली मुठभेड़ में 3 अप्रैल 2021 को क्षेत्र के अमर शहीद सुखसिंह फरस वीरगति को प्राप्त हुए थे, उनके चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंली कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### नवनिर्वाचित महिला सरपंच की मेहनत रंग ला रही

**नवापारा-राजिम।** नवापारा शहर से लगे तर्री ग्राम पंचायत में दूसरी



बार सरपंच बनी लता सिन्हा अपने इस गांव को विकास की दौड़ में काफी आगे ले जाना चाहती है। उनका मानना है कि रायपुर जिले के तमाम ग्राम पंचायतों में तर्री का नाम पहले नंबर पर दर्ज हो, ऐसा मानकर वे दिलो जान से काम कर रही है। बता दें कि 20 साल पहले वे अपने इस गांव की सरपंच रह चुकी हैं और जब दोबारा इस बार फिर से चुनाव लड़ी तो पूरे गांव वालों ने उन्हें बहुमत से जिताकर फिर से गांव की बागडोर सौंप दी। तर्री एक तरह से नवापारा शहर का हिस्सा माना जाता है, हालांकि यह अलग ग्राम पंचायत है। श्री कुलेश्वर शासकीय महाविद्यालय की स्वीकृति जब हुई तो इस शहर में जगह अभाव के चलते तर्री मैदान में जगह दी गई और आज आलीशान कॉलेज तर्री के भूमि में चल रहा है। महिला सरपंच का कहना है कि जब गांव में कॉलेज है तो लड़कियों के लिए कन्या हाईस्कूल भी होना ही चाहिए, क्योंकि लड़कियों को हाईस्कूल पढ़ने के लिए दूर जाना पड़ रहा है, जबकि कॉलेज गांव में है। वे इस संबंध में गांव के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू से आग्रह करेंगी और शासन स्तर पर मंजूरी दिलाने के लिए प्रयास करने कहेगी।

### एक्सीडेंट में तीन लोग घायल

**महासमुंद।** बीते महीने हाईवा चालक द्वारा पिकअप को टक्कर मार देने से तीन लोग घायल हो गए थे। इस मामले की रिपोर्ट पटेवा थाने में कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी मगराज जैन निवासी बोड़ेगांव थाना नंदनी नगर जिला दुर्ग ने बताया कि 16 मार्च को पिकअप क्रमांक सीजी 07 बीयू 2703 से वह एवं अपने लड़के अंकित जैन, लड़की सिमरन जैन, कुसुम कश्यप गांव बोड़ेगांव के साथ चंद्रहासिनी मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। रात्रि करीबन 1.30 बजे एनएच 53 रोड ग्राम टुरीडीह तालाब के पास पिकअप को रोड किनारे संकेतक देकर खड़ी किया था, तभी पीछे से आ रही हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 13 बीडी 5224 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पिकअप न को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

## ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध नहीं करा पा रहा क्रेडा विभाग

# सौर ऊर्जा सिस्टम प्लांट एक साल से खराब अंधेरे में गुजर बसर करने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आजादी के सात दशक बाद भी वनांचल क्षेत्र में कई गांव ऐसे भी हैं जहां अभी तक बिजली नहीं पहुंच पाई है। इन विद्युत विहीन गांवो में रोशनी की व्यापक व्यवस्था के लिए क्रेडा विभाग ने सौर प्लांट सिस्टम लगाए तो थे, लेकिन इन दिनों सिस्टम की हालत भी खस्ता हो गई है।



विकासखंड मैनपुर अंतर्गत आदिवासी बहुल क्षेत्र राजापड़ाव के ग्राम पंचायत गरहाडीह के आश्रित ग्राम खरताबेड़ा में क्रेडा विभाग द्वारा लगाए गए सौर प्लांट सिस्टम पिछले एक साल से खराब हो जाने के कारण ग्रामीण अंधेरे में गुजर बसर करने मजबूर हो रहे हैं। ऐसा नहीं की ग्रामीणों ने इसकी शिकायत नहीं की है, क्रेडा विभाग को इसकी शिकायत की गई लेकिन अभी तक इसकी मरम्मत के लिए कोई पहल नहीं किया गया। जिसके कारण यहां के ग्रामीणों को अंधेरे में रात गुजारना



पड़ रहा है। वहीं ग्राम खरताबेड़ा पहुंचे युवा संघर्ष मोर्चा गरियाबंद जिलाध्यक्ष युमेन्द्र कश्यप को ग्रामीणों ने बताया कि क्रेडा द्वारा वर्षों पहले हमारे ग्राम में रोशनी की व्यवस्था के लिए सौर सिस्टम प्लांट लगाया गया, जो कि पिछले साल भर से खराब हुआ बंद पड़ा है। जिससे ग्राम में अंधेरा छा जाता है और हम अंधेरे में जीवन यापन करने मजबूर हो रहे हैं। समय–समय में इसकी मरम्मत की मांग भी कर चुके हैं लेकिन विभाग द्वारा मरम्मत नहीं किया जा रहा है। वनांचल क्षेत्र होने के कारण गांव में जंगली जानवरों के भी आने का खतरा हम पर हमेशा बना रहता है। वैसे भी ग्रामीण क्षेत्रें में शासन प्रशासन द्वारा संचालित योजनाएं अधर में पड़े गोता खा रहा है, बावजूद इसके विभागीय उदासीनता के चलते ग्रामीण अंचलों में जो सुविधा शासन प्रशासन द्वारा दी गई है वह भी अब खराब व बंद पड़ा हुआ है। ग्राम खरताबेड़ा में लगाए गए सौर सिस्टम पिछले 1 साल से मरम्मत वह देखरेख के अभाव के चलते बंद पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं, खराब व बंद पड़े सौर प्लांट सिस्टम को सुचारू रूप से चालू कराने क्रेडा विभाग और शासन प्रशासन को अवगत कराया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर प्रमुख रूप से युवा संघर्ष मोर्चा गरियाबंद जिलाध्यक्ष युमेन्द्र कश्यप, ग्रामीण पुनीत राम, रतनलाल, राजू लाल मरकाम, रविंद्र, ओथलेराम, बाबूलाल, नवालूराम, फूल दास, छबिलाल, जोहरू, बारंगा, पुसऊराम, रामलाल, तिजूराम, रामप्रसाद, भागीरथी, नोहर लाल, जगदीश, भगत राम सहित ग्राम खरताबेड़ा के सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बिजली कटौती बंद कराने ब्लॉक का कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

## एसडीएम से वस्तु स्थिति गिनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में असमय विद्युत कटौती व लो वोल्टेज की समस्या को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिला विद्युत अधिकारी के नाम से सहायक अभियंता छुरा को ज्ञापन सौंपा गया व SDM को इस संबंध में अवगत कराया गया।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या के चलते पानी सप्लाई नहीं हो पा रही है न ही घरों का कूलर, पंखा चल पा रहा है। विद्युत से जुड़े धंधे काफी प्रभावित हो रहे हैं। लोगों का जीना दूभर हो गया है, जिसके चलते लोगों में काफी आक्रोश है। बिजली की यह समस्या एक सप्ताह के अंदर निराकरण नहीं होने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आम जनता के साथ आंदोलन व धरना प्रदर्शन करने बाध्य होने की बात कही है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरा के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा,वरिष्ठ कांग्रेस नेता अब्दुल समद खान,मक्कू दीक्षित,न.प.छुरा के उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान,रमेश शर्मा, ईस्माइल मेमन,अवधेश प्रधान,पार्षद सलीम मेमन, हरीश यादव, पंचराम टंडन, रामजी दीवान, देवसिंह नेताम, शांतनु देवांगन,यामिन खान एवं अखिल चौबे,शैलेन्द्र दीक्षित, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष रितेश दीक्षित, धनीराम आदि कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वयंसेवक संघ ने मनाया हिन्दू नववर्ष, जगह-जगह लगाए ध्वज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर।

शहीद भगतसिंह प्रभात शाखा बेलर के स्वयंसेवक के तत्वावधान में शाखा स्थल पर रविवार को नववर्ष चैत्र प्रतिपदा उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर बेलर सहित आसपास के गांव के मुख्यमार्ग दोनों किनारे में भगवा ध्वज लगाया गया, जो लहराते खूबसूरत लग रहे हैं। मुख्य वक्ता जिला से पहुंचे गोपेन्द्र साहू द्वारा बौद्धिक दिया गया। उन्होंने कहा कि सृष्टिकाल के आरंभ से ही हिन्दू नववर्ष उत्सव मनाया जा रहा है। प्रकृति हमें बताती है सब कुछ नया है। पेड़ के पुराने पत्ते को त्याग कर नव पल्लव नव अंकुर के साथ पुष्पित पल्लवित होता है। हमारे ऋषि मुनियों ने वैदिक रीति-रिवाज वैज्ञानिक अनुसंधान में सत्य का अन्वेषण किया, जिसे आज नासा भी सही मान रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा इसे वर्ष प्रतिपदा के रूप में मनाने छह उत्सव में शामिल किया गया है। आज के दिन स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में आद्य सरसंघ चालक प्रणाम कर श्रद्धा निवेदित करते हैं। मुख्यातिथि ग्राम समिति अध्यक्ष खोमन साहू ने कहा कि प्रकृति ही धरा है। पृथ्वी हमारी माता है।

आज ब्रह्म द्वारा सृष्टि की रचना की गई, जिसके कारण आज के दिन नवरात्रि और नववर्ष की शुरुआत होती है। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी आज के दिन हुआ। साथ ही रामराज्याभिषेक होने के कारण आज के दिन को बहुत ही शुभप्रद माना जाता है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भोपेन्द्र साहू रहे। मुख्य अतिथि अध्यक्ष ग्राम समिति बेलर खोमन साहू, ग्रामीण स्वयंसेवक आचार्य जवाहर यादव, सालिक साहू, दीपक कुमार साहू, जयप्रकाश साहू, लेखराम रात्रे, ओमप्रकाश यादव, केशकुमार सेन, बलराम साहू, बिहारी टंडन, चन्द्रहास घृतलहरे एवं शाखा के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना हैः सोमनाथ

**राजिम।** नगर पंचायत राजिम के वार्ड क्रमांक 3 तकियापारा में सेजस आत्मानंद के सांसद प्रतिनिधि, पटेल मरार समाज के जिला अध्यक्ष, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने वार्डवासियो गरीब मुस्लिम महिला नाजनबी और रौनक परविन को राशन कार्ड का वितरण



करते हुए कहा कि केंद्र राज्य और नगर में भाजपा की सरकार हैं। इसलिए नगर व वार्ड में विकास की गंगा बहेगी,भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की तर्ज पर कार्य करता हैं, और अंतिम पक्ति पर बैठे हुए अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना हैं।

# मुड़ागांव सरपंच ने की डिप्टी सीएम विजय शर्मा से की मुलाकात, सौंपा मांगपत्र

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुड़ागांव के सरपंच एवं वरिष्ठ भाजपा नेता हलमन ध्रुवा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से कवर्धा स्थित उनके निवास में मुलाकात किया और मांग पत्र सौपकर ग्राम पंचायत क्षेत्र के विकास की मांग की। मुड़ागांव के सरपंच हलमन ध्रुवा ने बताया गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल में मुड़ागांव बसा हुआ है यह आदिवासी बहुल्य क्षेत्र है यहां के ग्रामीण आज भी मुलभूत बुनियादी सुविधाओ के लिए तरस रहे हैं। उन्होने ग्राम पंचायत क्षेत्र में सीसी सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल के साथ ही क्षेत्र में विकास कार्यो के लिए मांगपत्र सौंपा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सरपंच के मांगपत्र को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जल्द ही समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया है और



सरपंच हलमन ध्रुवा के आमंत्रण पर मैनपुर क्षेत्र आने की बात कही है। इस दौरान बिरीघाट के सरपंच जयसिंह मांझी ने भी ग्राम पंचायत के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए मांगपत्र सौपे है। इस मौके पर आनंद राम यादव, गोविंद नागेश उपस्थित रहे।

# देवरी में पीएम आवास के लाभार्थियों का हुआ गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पूर्ण हो चुके आवासों का गृह प्रवेश समारोह ग्राम पंचायत देवरी में ब्लॉक स्तरीय रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नंदनी ओंकार साहू उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता जनपद सदस्य हीरामणि साहू ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सरिता सुरेंद्र साहू और सरपंच ओंकार साहू मौजूद रहे।

■ अब पक्का मकान मिलने से जीवन होगा बेहतर : लाभार्थी





अतिथियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के महत्व को बताते हुए कहा कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस दौरान देवरी में तीन लाभार्थी संतोष साहू, जुलेखा बाई साहू और खेमु साहू के नवनिर्मित आवासों का गृह प्रवेश कराया गया।

लाभार्थी संतोष साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पहले उनके कच्चे मकान में बरसात के दिनों में पानी टपकता था, जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब पक्का मकान मिलने से उनका जीवन बेहतर होगा।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 200 नए आवेदनों की प्रक्रिया भी की गई। मौके पर ज्योतिबाला ढालेन, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीना धुर्वे, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), तकनीकी सहायक पियारपि हिरालाल, सुनैना पोटाई, आवास समन्वयक राकेश साहू, आवास मित्र गिरधर साहू सहित पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भागवत कथा के समापन में शामिल हुए विधायक साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर

ग्राम परसदाकला में 25 से 2 अप्रैल तक भागवत कथा का आयोजन किया गया। इनके सूत्रधार खुलिया बाई साहू थीं। नौ दिन तक चले भागवत कथा का 2 अप्रैल को हवन गीता पाठ के साथ समापन हुआ। इससे एक पूर्व आयोजन के आठवें दिन शोभायात्रा के वक्त राजिम विधायक रोहित साहू भी दर्शन लाभ लेने पहुंचे। विधायक ने आयोजन के मुखिया खुलिया बाई साहू और उनके परिवार से मिले। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर विधायक रोहित साहू के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अध्यक्ष सहकारी समिति जनक श्रीवास, सरपंच संघ अध्यक्ष हरिश साहू,

सरपंच गणेश साहू, उपसरपंच पिलेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच मिथलेश साहू, नेमीचंद देवांगन, होरीलाल साहू, ओमकार साहू, रवि साहू, प्रदीप साहू, लेखराम साहू, युवराज साहू, प्रकाश साहू, दिनेश साहू, विनोद साहू, गिरधारी निषाद, लछमीकांत साहू, महेश साहू, पुखराज साहू, गोकुल, भोज, निज सचिव किशोर साहू उपस्थित थे।

# चारों आश्रमों में श्रेष्ठ है गृहस्थ आश्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

देवी भागवत कथा के तृतीय दिवस व्यास पीठ से कथा वाचन करते हुए रामानुज अनिरुद्ध दास पं. अमन शर्मा ने देवी उत्पत्ति कथा सुनाते हुए कहा कि चारों आश्रमों में गृहस्थ आश्रम श्रेष्ठ है। क्योंकि गृहस्थ आश्रम में ही भगवान का अवतार होता है। ब्रम्हचारी के यहां तो आ नहीं सकते, इसलिए वे किसी गृहस्थ को चुनते हैं। शिव महापुराण में भी दो अध्याय गृहस्थ आश्रम का है। कहा गया है धन्यो गृहस्थ आश्रमः किन्तु, वहीं गृहस्थ धन्य होता है, जिसके घर में आनंद होता है, जहां आनंद होता है, वहां दुख नहीं आता। क्योंकि भगवान का एक नाम आनंद है, जिसका कोई विपरीत नहीं होता। आनंद हमेशा बढ़ता ही रहता है। कथा में आनंद है सुख घटता है। ध्रुव प्रहलाद ने अपने घर को धन्य कर दिया, उनके कारण

■ नगर में पं. अमन शर्मा की भागवत कथा जारी



भगवान ने उन्हें दर्शन दिया, जिस घर की गृहणी मृदुभाषी हो वह गृहस्थ धन्य है, जिनके अच्छे मित्र हो, जहां रीति-नीति और प्रीति से धनार्जन किया जाता हो जिस घर में अतिथि सत्कार किया जाता हो वह गृहस्थ धन्य है। गृहस्थ आश्रम का दारोमदार माताओं के हाथों में होता है, जो नारी सौभाग्य चिन्हों को हमेशा धारण किये रहती है।

उन्होंने बताया कि सत्संग के बिना विवेक नहीं आता। कथा पंडाल में सत्संग होता है यह एक छोटा विश्व विद्यालय होता है, जहां सबको कर्म और धर्म की शिक्षा दी जाती है, जिससे लोक और परलोक दोनों को सुधारने का ज्ञान दिया जाता है, जबकि भौतिकवादी विद्यालयों में केवल इहलोक की बातें सिखायी जाती है। जीव का प्रथम लक्ष्य भगवती की प्राप्ति ही होता है। नारी के तीन रुप होते हैं। पुत्री- पत्नी और मां नारी ही पुरुष को परमेश्वर बनाती है, इसलिए उसे धर्म पत्नी कहा जाता है, जो पति को धर्म के मार्ग पर चलना सिखाए वहीं पति परमेश्वर होता है, जो धर्माचरण करें। कथा के साथ-साथ महाराजजी सुमधुर संगीत के साथ भजन करते हैं जो आनंद देता है।

